# लगातार तीसरी बार -
# सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट गार्डन का खिताब!!!




जीत का लगातार तीसरा साल!! यह उनकी क्षमता का परिणाम है जो पार्क्स ऐंड गार्डन टीम ने साबित कर दिखाया है। हॉर्टिकल्चर सोसायटी ऑफ जमशेदपुर द्वारा आयोजित इंटर कॉर्पोरेट गार्डन ऑफ द ईयर 2016 में टीआरएफ की विजेता टीम को श्री पी एस रेड्डी, डिपुटी मैनेजिंग डायरेक्टर और श्री आर के राही, जेनरल सेक्रेट्री सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बधाई तथा शाबाश कुपन देकर सम्मानित किया गया।



टीम के सदस्यों ने यह आश्वासन दिया कि ट्रॉफी पर अपनी पकड़ ढ़ीली करने या ढ़िलाई बरतने का उनका कोई इरादा नहीं है। 2017 में भी ट्रॉफी पर अपना दबदबा कायम रखने के लिए उन्होंने पहले से ही योजना बनानी शुरू कर दी है।




इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री पी एस रेड्डी ने कहा कि परिसर में मौजूद उद्यान से एक उज्ज्वल और जीवंत परिवेश तैयार करने में मदद मिली है। उनका विश्वास है कि यह वातावरण में काफी मात्रा में सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करता है जो काम के लिहाज से उत्पादक होने के साथ ही लोगों को तनाव से मुक्ति दिलाता है।



